# RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II जीव विज्ञान 2022

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

**Q.1**

निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(A) कोरलॉइड जड़ में शैवाल क्षेत्र होता है।

(B) कोरलॉइड जड़ में कोर्टेक्स विभेदित नहीं होता है। ✓

(C) कोरलॉइड जड़ में कम या कोई द्वितीयक वृद्धि नहीं पाई जाती है।

(D) कोरलॉइड जड़ साइकस में पाई जाती है।

**Q.2**

वर्गों (टेक्सा) की वर्गीकृत व्यवस्था कहलाती है -

(A) वर्गिकी

(B) कुंजी

(C) वंशावली

(D) पदानुक्रम ✓

**Q.3**

निम्नलिखित में से कौनसा सल्फर डाईऑक्साइड प्रदूषण का एक उपयोगी जैव संकेतक है?

(A) ब्रायोफाइट्स

(B) लाइकेन ✓

(C) शैवाल प्रस्फुटन

(D) स्यूडोमोनास

**Q.4**

निम्नलिखित में से किस प्रकार को परागणक की आवश्यकता होती है लेकिन परिणाम आनुवंशिक रूप से ऑटोगेमी के समान होता है?

(A) सजातीयपुष्पी परागण ✓

(B) परनिषेचन

(C) अपयुग्मन

(D) अनुन्मील्य परागण

**Q.5**

कॉलम I में दिए गए पौधों को कॉलम II में दिए गए उनके वैज्ञानिक नामों से मिलाएं और सही विकल्प चुनें -

| कॉलम I<br>आर्थिक महत्त्व के पौधे | कॉलम II<br>वैज्ञानिक नाम |
|---|---|
| (A) मूंगफली | (p) ट्राइगोनेला फोइनम-ग्रेइकम |
| (B) मेंथी | (q) क्यूमिनम सायमिनम |
| (C) जीरा | (r) गॉसिपियम हर्बेसियम |
| (D) कपास | (s) अरेकिस हाइपोजिया |

(A) A-r, B-s, C-q, D-p

(B) A-s, B-p, C-q, D-r ✓

(C) A-p, B-s, C-q, D-r

(D) A-s, B-q, C-p, D-r

**Q.6**

युक्तकोशी एवं दललग्न पुंकेसर पाए जाते हैं -

(A) पोएसी
(B) ऐपिएसी
(C) लिलिएसी
(D) ऐस्टरेसी ✓

**Q.7**

रेस्ट्रिक्शन एंडोन्यूक्लिएज़ एन्जाइम Eco RI का स्रोत क्या है?

(A) ई. कोलाई Ry 13 ✓
(B) ई. कोलाई R 1
(C) ई. कोलाई RI 13
(D) ई. कोलाई Rx 13

**Q.8**

निम्नलिखित में से कौन सा कम्प्यूटर सहाय अनुदेशन का प्रकार नहीं है?

(A) सूचनात्मक कम्प्यूटर सहाय अनुदेशन
(B) ट्यूटोरियल प्रकार का कम्प्यूटर सहाय अनुदेशन
(C) शैक्षिक खेल के प्रकार का अनुदेशन
(D) रूढ़िबद्ध अनुदेशन ✓

**Q.9**

निम्नलिखित में से कौनसे मनोवैज्ञानिक सांवेगिक बुद्धि सम्बन्धी अनुसंधानों से जुड़े हुए नहीं हैं?

(A) आई.पी. पावलव ✓
(B) डेनियल गोलमैन
(C) मेयर
(D) सैलोवे

**Q.10**

निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और एफिनिटी क्रोमेटोग्राफी के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए -

| **लिगैंड का प्रकार** | **लक्ष्य अणु** |
|---|---|
| (A) एडिविन | i स्कंदन कारक |
| (B) प्रोटीन A और G | ii बायोटिन युक्त एंजाइम |
| (C) हेपेरिन | iii ग्लाइकोप्रोटीन |
| (D) फिनायल बोरोनेट | iv इम्यूनोग्लोबुलिन |

(A) (A) - iv, (B) - iii, (C) - i, (D) - ii
(B) (A) - ii, (B) - iv, (C) - i, (D) - iii ✓
(C) (A) - iii, (B) - iv, (C) - i, (D) - ii
(D) (A) - iv, (B) - ii, (C) - iii, (D) - i

**Q.11**

निम्नलिखित में से कौन सी सॉफ्टवेयर तकनीकी का प्रकार नहीं है?

(A) व्यवहार तकनीकी
(B) अनुदेशन तकनीकी
(C) शिक्षण तकनीकी
(D) सापेक्षिक शैक्षिक तकनीकी ✓

**Q.12**

पॉलिसिफ़ोनिया का कार्पोस्पोर है -

(A) अगुणित
(B) त्रिगुणित
(C) द्विगुणित ✓
(D) बहुगुणित

**Q.13**

राजस्थान में सीतामाता अभयारण्य प्रसिद्ध है-

(A) काले हिरण के लिए
(B) उड़न गिलहरी के लिए ✓
(C) सारस के लिए
(D) शेर के लिए

**Q.14**

प्रति फली बीजों की संख्या पर दर्ज निम्नलिखित आंकड़ों से माध्यिका ज्ञात कीजिए - $5, 19, 42, 11, 50, 30, 21, 0, 52, 36, 27$

(A) 25
(B) 27 ✓
(C) 28
(D) 26

**Q.15**

निम्नलिखित में से कौनसी सहकारी अधिगम (Cooperative Learning) की आधारभूत मान्यता नहीं है

(A) यह शिक्षण अधिगम को प्रयोज्य तथा अध्यापक केन्द्रित बनाती है। ✓
(B) यह इस बात पर विश्वास करती है कि विद्यार्थी तभी सीख पाते हैं जब उन्हें स्पर्धारहित, चिंतामुक्त, सहयोगी वातावरण में सीखने के अवसर मिलें ।
(C) यह विद्यार्थियों से पहल करने और अपना अधिगम मार्ग स्वयं चुनने की अपेक्षा करती हैं।
(D) यह शिक्षण अधिगम हेतु व्याख्यान अथवा प्रदर्शन विधि की अपेक्षा सार्थक अंतःक्रिया द्वारा अधिगम अर्जन पर बल देती है।

**Q.16**

बहुलक है –

(A) डाटा के मध्य का मान।
(B) डाटा सेट में सर्वाधिक बार उपस्थित चर का मान। ✓
(C) आंकड़ों की श्रृंखला के मध्य का वह मान जो संपूर्ण वितरण को दो बराबर भाग में विभक्त करें।
(D) समांतर माध्य

**Q.17**

स्तनियों की वे कोशिकाएं जो डेन्टाइन का स्रावण करती हैं -

(A) डेन्टोब्लास्ट
(B) ओडोन्टोब्लास्ट ✓
(C) ओस्टियोब्लास्ट
(D) अमीलोब्लास्ट

**Q.18**

Bt एण्डोटॉक्सिन Cry I निम्न में से किस के खिलाफ सक्रिय है?

(A) लेपिडोप्टेरंस ✓

(B) कोलीयोप्टेरंस

(C) हेमीप्टेरंस

(D) हाइमेनोप्टेरंस

**Q.19**

SDS-PAGE में, प्रोटीन का प्रतिदर्श सर्वप्रथम -

(A) एक अपचायक कारक के साथ उपचारित किया जाता है और फिर आयनिक डिटर्जेंट के साथ तदुपरांत वैद्युतकणसंचलन द्वारा अंशांकित किया जाता है। ✓

(B) वैद्युतकणसंचलन द्वारा अंशांकित फिर एक ऑक्सीकरण एजेंट के साथ उपचारित किया जाता है जिसके बाद ऋणायनी डिटर्जेंट से उपचारित होता है।

(C) एक ऑक्सीकरण एजेंट के साथ उपचारित किया जाता है और फिर एक ऋणायनी डिटर्जेंट के साथ तदुपरांत इलेक्ट्रोफोरेसिस द्वारा अंशीकरण किया जाता है।

(D) प्रोटिएज़ के साथ उपचारित और फिर वैद्युतकणसंचलन द्वारा अंशांकित किया जाता है।

**Q.20**

निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) साइलोप्सिडा में जड़ें उपस्थित होती हैं। ✓

(B) स्फेनोप्सिडा में पुमणु बहुकशाभिकीय होता है।

(C) टेरोप्सिडा में तरुण पत्तियों में कुंडलित किसलय विन्यास पाया जाता है।

(D) लाइकोप्सिडा पादपों में समबीजाणुक अथवा विषम बीजाणु अवस्था पाई जाती है।

**Q.21**

निम्न में से कौनसा खरपतवारनाशी के रूप में प्रयुक्त होता है?

(A) 2, 4 - D ✓

(B) IBA

(C) IAA

(D) NAA

**Q.22**

'अरस्तू की लालटेन' एकाइनोडर्मेटा के किस वर्ग का उदाहरण है?

(A) एकाइनोइडिया ✓

(B) ओफियुरोइडिया

(C) होलोथुरोइडिया

(D) एस्टरोइडिया

**Q.23**

निम्नलिखित में से कौनसा जन्मजात प्रतिरक्षा का हिस्सा नहीं है?

(A) आमाशय के अम्ल

(B) लार

(C) आंसू

(D) वैक्सीन ✓

**Q.24**

अध्यंकन के सिद्धांत का प्रतिपादन करने वाले वैज्ञानिक हैं -

(A) कोनराड लॉरेंज ✓
(B) कार्ल वॉन फ्रिश
(C) निको टिनबर्गेन
(D) पावलव

**Q.25**

ड्रोसोफिला से प्राप्त "हीट शॉक" जीन जिसे तंबाकू पादप में स्थापित किया गया है -

(A) hsp 6871
(B) hsp 70 ✓
(C) hsp 60
(D) hsp 90

**Q.26**

एक मछुआरा 50 मछलियों में से प्रत्येक का वजन कर रहा है। उनका औसत वजन 50 ग्राम और मानक विचलन 2.5 ग्राम है। बाद में यह पाया गया कि मापने के पैमाने को गलत तरीके से रखा गया था और हमेशा प्रत्येक मछली के वजन में 2.5 ग्राम की कमी दर्ज की गई थी। मछलियों का माध्य और मानक विचलन ज्ञात कीजिए -

(A) 52.5, 2.5 ✓
(B) 30, 5
(C) 50, 5
(D) 48.5, 2.5

**Q.27**

ऑयल निमज्जन लेंस के न्यूमेरिकल अपरचर का मान (व्यवहार में) होता है –

(A) 0.15
(B) 0.05
(C) 1.4 ✓
(D) 12.0

**Q.28**

उच्च उर्वरता, उच्च वृद्धि दर और छोटे शरीर के आकार वाली प्रजातियाँ आमतौर पर होती हैं -

(A) लुप्तप्राय प्रजातियाँ
(B) की - स्टोन प्रजातियाँ
(C) k - चयनित प्रजातियाँ
(D) r - चयनित प्रजातियाँ ✓

**Q.29**

ऊपरी अधिचर्म में मोटर कोशिकाएं (प्रेरक कोशिकाएं) पाई जाती हैं –

(A) नीरियम की पत्ती में
(B) पर्णाभस्तम्भ में
(C) पर्णाभपर्व में
(D) मक्का की पत्ती में ✓

**Q.30**

निम्नलिखित में से कौन सी जैवविविधता की स्वस्थाने संरक्षण तकनीक नहीं है?

(A) वनस्पति उद्यान ✓
(B) राष्ट्रीय उद्यान
(C) अभयारण्य
(D) बायोस्फीयर रिज़र्व

**Q.31**

चिकनी पेशियों के पेशी तंतु होते हैं -

(A) रेखित तथा ऐच्छिक
(B) अरेखित तथा अनैच्छिक ✓
(C) अरेखित तथा ऐच्छिक
(D) रेखित तथा अनैच्छिक

**Q.32**

एक जीवाणु अन्य जीवों द्वारा संश्लेषित कार्बनिक अणुओं पर जीवित रहता है। ये इन अणुओं पर कार्बन एवं ऊर्जा दोनों के स्रोत के लिए निर्भर होता है। इस जीवाणु के लिए उपयुक्त पद है -

(A) फोटोऑटोट्रॉफ
(B) कीमोऑटोट्रॉफ
(C) फोटोहेटरोट्रॉफ
(D) कीमोहेटरोट्रॉफ ✓

**Q.33**

कुल वैश्विक कार्बन में से कितना वातावरण में उपस्थित है?

(A) लगभग 10%
(B) लगभग 5%
(C) लगभग 1% ✓
(D) लगभग 0.01%

**Q.34**

चाय में रेड-रस्ट होता है -

(A) लाल शैवाल द्वारा
(B) हरे शैवाल द्वारा ✓
(C) भूरे शैवाल द्वारा
(D) कवक द्वारा

**Q.35**

कैडहेरिन होते हैं -

(A) Ig सुपरफैमिली CAM
(B) कैल्शियम डिपेंडेंट ग्लाइकोप्रोटीन ✓
(C) न्यूरल कोशिका - कोशिका आसंजन अणु
(D) सोडियम डिपेंडेंट ग्लाइकोप्रोटीन

**Q.36**

निम्नलिखित में से किस कुल में लॉडिक्यूल पाए जाते हैं?

(A) पोएसी ✓
(B) रैननकुलेसी
(C) एस्क्लेपीडिएसी
(D) एस्टरेसी

**Q.37**

वह प्राथमिक रणनीति जिसमें संभावित रूप से आक्रामक साथी अथवा अन्य व्यक्ति को भोजन प्रस्तुत कर लुभाने का प्रयास किया जाता है, कहलाता है -

(A) कोर्टशिप फीडिंग ✓
(B) पेरेन्टल फीडिंग
(C) सहभोजिता
(D) पारस्परिक आश्रय

**Q.38**

पारिस्थितिकी तंत्र के समुच्चय को कहा जाता है-

(A) जीवोम ✓
(B) जलवायु
(C) उप-प्रणाली
(D) संरचना

**Q.39**

गैस क्रोमेटोग्राफी में निम्नलिखित में से किसका उपयोग वाहक गैस के रूप में किया जाता है?

(A) कार्बन डाईऑक्साइड
(B) ऑक्सीजन
(C) हाइड्रोजन ✓
(D) मीथेन

**Q.40**

भारत की संकटग्रस्त पादप प्रजाति है -

(A) क्रोटैलेरिया जंसिया
(B) कैनाबिस सैटिवा
(C) क्लोरोफाइटम ट्यूबरोसम
(D) अकोनिटम फेरॉक्स ✓

**Q.41**

भारत में कितने जैव - भौगोलिक क्षेत्र हैं?

(A) 10 ✓
(B) 5
(C) 15
(D) 20

**Q.42**

तिलचट्टे के संयुक्त नेत्रों के नीचे सिर के पार्श्व भागों का निर्माण करते हैं -

(A) एपिक्रेनियम
(B) जेना ✓
(C) क्लाइपीयस
(D) फ्रोन्स

**Q.43**

पोषक समृद्धिकरण के कारण झील का प्राकृतिक काल प्रभावन कहलाता है -

(A) जैव आवर्धन
(B) यूट्रोफिकेशन (सुपोषण) ✓
(C) शैवाल प्रस्फुटन
(D) वनोन्मूलन

**Q.44**

चाय के पौधे की शीर्षस्थ कलिकाएं जो व्यापारिक रूप से सर्वाधिक मूल्यवान होती हैं, इन्हें कहा जाता है -

(A) गोल्डन टिप्स ✓
(B) ऑरेंज पिको
(C) पिको
(D) कोन्गो

**Q.45**

जलीय खाद्य श्रृंखला में उच्चतम डी.डी.टी. सांद्रता होगी -

(A) ईल में
(B) सीगल में ✓
(C) पादप प्लवक में
(D) केकड़ा में

**Q.46**

बारंबारता बंटन के आलेखीय निरूपण को कहा जाता है –

(A) तना और पत्ती का प्लॉट
(B) स्कैटर आरेख
(C) समय-श्रृंखला प्लॉट
(D) हिस्टोग्राम ✓

**Q.47**

मानव हृदय में त्रिवलनी कपाट उपस्थित होता है -

(A) बायें आलिंद तथा बायें निलय के मध्य
(B) दायें आलिंद तथा दायें निलय के मध्य ✓
(C) निलय तथा फुफ्फुसीय धमनी के मध्य
(D) फुफ्फुसीय धमनी तथा महाधमनी के मध्य

**Q.48**

कपास के रेशे कपास के पौधे के किस भाग से प्राप्त होते हैं?

(A) जड़
(B) तना
(C) पत्तियाँ
(D) बीज आवरण ✓

**Q.49**

जीन अन्योन्यकरण जिसमें एक जीन अयुग्मविकल्पी जीन का प्रभाव मास्क कर देती है, कहलाती है -

(A) संपूरक जीन क्रिया
(B) पूरक जीन क्रिया
(C) प्रबलता ✓
(D) प्रभाविता

**Q.50**

सूक्ष्मदर्शी की विभेदन क्षमता कार्य है –
(i) प्रयुक्त प्रकाश की तरंगदैर्ध्य का
(ii) लेंस प्रणाली के न्यूमेरिक्ल अपरचर का
निम्न में से कौनसा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल कथन (i) सही है
(B) केवल कथन (ii) सही है
(C) दोनों कथन (i) और (ii) सही हैं ✓
(D) दोनों कथन (i) और (ii) गलत हैं

**Q.51**

समूह I एवं II का सही मिलान करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

| समूह I | समूह II |
|---|---|
| (a) राजस्थान में बालुका स्तूपों की वनस्पति | (i) क्रैसा क्रिटिका |
| (b) राजस्थान में दक्षिण व दक्षिणपूर्वी भाग की वनस्पति | (ii) यूफोर्बिया कैडुसिफोलिया |
| (c) राजस्थान में लवणीय झील क्षेत्र की वनस्पति | (iii) बॉहिनिया परयूरिया |
| (d) राजस्थान में पहाड़ी व चट्टानी क्षेत्र की वनस्पति | (iv) केलिगोनम पॉलीगोनॉइडिस |

(A) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)
(B) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(C) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii) ✓
(D) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)

**Q.52**

निम्नलिखित में से कौनसा 'एंगलर एवं प्रेंटल' वर्गीकरण प्रणाली का अवगुण है?

(A) द्विबीजपत्री को एकबीजपत्री से पहले रखा जाता है।
(B) द्विबीजपत्री को एकबीजपत्री के बाद रखा जाता है।
(C) जिम्नोस्पर्म को द्विबीजपत्री के बीच रखा जाता है।
(D) जिम्नोस्पर्म को द्विबीजपत्री और एकबीजपत्री के बीच रखा जाता है। ✓

**Q.53**

निम्नलिखित में से कौनसा द्वितीयक लसिकाभ अंग है?

(A) परिशेषिका ✓
(B) यकृत
(C) वृक्क
(D) फुफ्फुस

**Q.54**

ओबेलिया का लार्वा है -

(A) पैरेन्काइमुला
(B) प्लानुला ✓
(C) स्किफिस्टोमा
(D) वेलिगर

**Q.55**

क्लैंप बंधन पाए जाते हैं -

(A) फाइकोमाइसिटीज़ में
(B) एस्कोमाइसिटीज़ में
(C) बेसिडियोमाइसिटीज़ में ✓
(D) ड्यूटेरोमाइसिटीज़ में

**Q.56**

लंघन (इनवेज़न) का सही क्रम चुनें -

(A) प्रवास → एकत्रीकरण → आस्थापन
(B) आस्थापन → प्रवास → एकत्रीकरण
(C) प्रवास → आस्थापन → एकत्रीकरण ✓
(D) एकत्रीकरण → प्रवास → आस्थापन

**Q.57**

ऐनेलिडा के लक्षणों का सही समुच्चय कौनसा है?

(A) अरीय सममिति, सीलोम अनुपस्थित, खंडीभवन उपस्थित
(B) द्विपार्श्व सममिति, सीलोम उपस्थित, खंडीभवन उपस्थित ✓
(C) अरीय सममिति, सीलोम उपस्थित, खंडीभवन अनुपस्थित
(D) द्विपार्श्व सममिति, कूट प्रगुहा उपस्थित, खंडीभवन अनुपस्थित

**Q.58**

सामान्य श्वसन के दौरान निश्वसित या निःश्वासित वायु आयतन कहलाता है -

(A) ज्वारीय आयतन ✓
(B) फुफ्फुसीय क्षमता
(C) निश्वासन क्षमता
(D) जैविक क्षमता

**Q.59**

फाइलेरियासिस का कारक जीव है –

(A) वुचेरेरिया बैंक्रोफ्टी ✓
(B) ऐस्केरिस
(C) ट्राईचिनेला स्पाइरालिस
(D) ट्राइकुरिस ट्राईकीउरा

**Q.60**

पीनियल ग्रंथि द्वारा स्त्रावित हार्मोन कहलाता है -

(A) ऑक्सीटोसिन
(B) वैसोप्रेसिन
(C) मेलाटोनिन ✓
(D) थायरोक्सिन

**Q.61**

फ्लोएम ऊतक का कौनसा अवयव मृत कोशिकाओं द्वारा निर्मित होता है?

(A) चालनी ट्यूब अवयव
(B) सह कोशिकाएं
(C) फ्लोएम पैरेन्काइमा
(D) फ्लोएम फाइबर ✓

**Q.62**

यदि आप अपने नमूने की स्थलाकृतिक / 3डी छवि प्राप्त करना चाहते हैं, तो आप किस प्रकार की माइक्रोस्कोपी का उपयोग करेंगे?

(A) लाइट माइक्रोस्कोपी
(B) प्रतिदीप्ति माइक्रोस्कोपी
(C) स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी ✓
(D) ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी

**Q.63**

कोशिका भित्ति की मध्य पटलिका बनी होती है -

(A) सुबेरिन
(B) पेक्टिक पदार्थ ✓
(C) सेल्यूलोस
(D) लिग्निन

**Q.64**

रक्त वाहिकाओं में पाई जाने वाली उपकला है -

(A) घनाकार उपकला
(B) स्तंभाकार उपकला
(C) शल्की उपकला ✓
(D) पक्ष्माभी उपकला

**Q.65**

पुष्पीय पौधों में कार्यात्मक मेगास्पोर विकसित होता है -

(A) भ्रूणपोष
(B) बीजांड
(C) भ्रूणकोष ✓
(D) भ्रूण

**Q.66**

निम्नलिखित में से किस मछली में पृष्ठीय पंख चूषक में रूपांतरित होते हैं?

(A) टॉरपीडो
(B) समुद्री घोड़ा
(C) इकेनिस ✓
(D) एक्सोसीटस

**Q.67**

डिम्बोत्सर्ग के पश्चात् ग्राफियन पुटिका परिवर्तित हो जाती है -

(A) कार्पस आर्टेसिया में
(B) कार्पस एल्बिकंस में
(C) कार्पस केलोसम में
(D) कार्पस ल्यूटियम में ✓

**Q.68**

निम्नलिखित में से कौनसी किशोरावस्था के दौरान संवेगात्मक विकास की विशेषता नहीं है?

(A) वीर पूजा
(B) विरोधी मनोदशायें
(C) भाव प्रधान जीवन
(D) नासीसिज्म (आत्मप्रेम) ✓

**Q.69**

शिक्षा मनोविज्ञान के पितामह कौन थे?

(A) जॉन डीवी
(B) ई.एल.थॉर्नडाइक ✓
(C) गाल्टन
(D) एबिंगहॉस

**Q.70**

निम्नलिखित में से कौनसी संरचना चूजे की अतिरिक्त भ्रूणीय झिल्ली नहीं है?

(A) पीतक कोष
(B) प्लेसेंटा ✓
(C) ऐलेन्टॉइस
(D) एम्नियोन

**Q.71**

एक पूर्णशक्त कोशिका होती है -

(A) केवल अंगोद्भवन में सक्रिय
(B) केवल ऊतक निर्माण में सक्षम
(C) संपूर्ण जीव में विकसित होने में सक्षम ✓
(D) केवल पुष्प निर्माण में सक्षम

**Q.72**

निम्नलिखित में से कौनसा पियाजे के नैतिक विकास सिद्धांत का स्तर नहीं है?

(A) नैतिक यथार्थता
(B) नैतिक समानता
(C) नैतिक सापेक्षता
(D) नैतिक आदर्शवाद ✓

**Q.73**

परागनलिका के एक केन्द्रक तथा अंडाणु के द्वितीयक केन्द्रक के संलयन द्वारा विकसित होता है -

(A) वर्तिकाग्र
(B) भ्रूणपोष ✓
(C) परागकोष
(D) पुंकेसर

**Q.74**

किसी क्षेत्र की जलवायु को प्रभावित करने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण कारक है -

(A) वनस्पति
(B) अक्षांश ✓
(C) देशान्तर
(D) पृथ्वी की सतह का अनावरण

**Q.75**

फेरेटिमा में फेओसोम है -

(A) गमनांग
(B) जननांग
(C) लैंस ✓
(D) मुख ग्राही

**Q.76**

ग्लिसन का संपुट पाया जाता है –

(A) वृक्क में
(B) मस्तिष्क में
(C) पित्ताशय में
(D) यकृत में ✓

**Q.77**

भारत की कौन सी झील में विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है?

(A) डल झील
(B) शिलोई झील
(C) त्सोमगो झील
(D) लोकतक झील ✓

**Q.78**

अर्धसूत्री विभाजन के दौरान द्विसंयोजक का निर्माण किस अवस्था में होता है?

(A) लेप्टोटीन
(B) डिप्लोटीन
(C) पैकीटीन
(D) जाइगोटीन ✓

**Q.79**

मेण्डल के द्वारा मटर के पौधे की कितनी तद्रुप प्रजनन किस्मो का चयन किया गया था-

(A) 7 ✓
(B) 4
(C) 8
(D) 14

**Q.80**

निम्न में से कौन सघन नियमित संयोजक ऊतक है?

(A) एरिओलर ऊतक
(B) टेन्डन ✓
(C) त्वचा
(D) एडिपोज़ ऊतक

**Q.81**

सही युग्म का चयन कीजिए –

(A) पट्टिल रंभ - लाइकोपोडियम सेरेटम
(B) अरीय रंभ - लाइकोपोडियम क्लेवेटम
(C) मिश्रित ठोस रंभ - लाइकोपोडियम सरनम ✓
(D) उभयफ्लोएमी नालरंभ - सिलैजीनेला

**Q.82**

निम्नलिखित में से आइसोपिकनिक सेंट्रीफ्यूगेशन तकनीक द्वारा किसे अलग किया जा सकता है?

(A) घुलनशील प्रोटीन
(B) घुलनशील एंजाइम
(C) (1) और (2) दोनों
(D) उपकोशिकीय कोशिकांग ✓

**Q.83**

मानव में परजीवी के रूप में एस्केरिस लार्वा का अंतिम व चौथा निर्मोचन होता है -

(A) आंत में ✓
(B) फुफ्फुस में
(C) यकृत में
(D) मृदा में

**Q.84**

निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षण प्रतिमान का तत्व नहीं है?

(A) केंद्र बिन्दु
(B) संरचना
(C) सामाजिक प्रणाली
(D) सर्जना ✓

**Q.85**

युफोर्बिया में कौनसा पुष्पक्रम पाया जाता है?

(A) छत्रक
(B) समशिख
(C) साइथियम ✓
(D) हाइपेन्थोडियम

**Q.86**

निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(A) कैरोलस लिनिअस ने पुंकेसर की संख्या, आकार और संघ के आधार पर 24 वर्गों को मान्यता दी।
(B) 'स्पीशीज़ प्लांटेरम' 1753 में प्रकाशित हुई थी।
(C) एडनसन को संख्यात्मक वर्गीकरण का ग्रैंडफादर माना जाता है।
(D) 'सिस्टेमा नेचुरे' जॉर्ज बेंथम द्वारा लिखी गई थी। ✓

**Q.87**

निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षा मनोविज्ञान के अध्ययन क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता है?

(A) वंशानुक्रम एवं वातावरण
(B) व्यक्तिगत भिन्नता
(C) पारेंद्रिय ज्ञान ✓
(D) अधिगम प्रक्रिया

**Q.88**

बहुआदिदारुक संवहन पूल सामान्यतः पाए जाते हैं -

(A) एकबीजपत्री जड़ में ✓
(B) द्विबीजपत्री जड़ में
(C) एकबीजपत्री तने में
(D) द्विबीजपत्री तने में

**Q.89**

उस तकनीक का नाम बताइए जिसका उपयोग टमाटर की शेल्फ आयु को बढ़ाने के लिए किया जाता है –

(A) एंटीसेंस तकनीक ✓
(B) रॉबर्टसोनियन ट्रांसफर
(C) एक्स वीवो जीन स्थानांतरण
(D) आण्विक खेती

**Q.90**

वृत्त चित्र/पाई चित्र बनाने के लिए, वृत्त के क्षेत्रफल की गणना की जाती है -

(A) $\frac{r}{2}\pi$ द्वारा
(B) $2\pi r$ द्वारा
(C) $3\pi r$ द्वारा
(D) $\pi r^2$ द्वारा ✓

**Q.91**

संचरण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी में प्रकीर्णन की डिग्री कार्य है -

(A) प्रयुक्त इलेक्ट्रॉन बीम की तरंगदैर्ध्य का
(B) केवल इलेक्ट्रॉन पथ में स्थित परमाणुओं की संख्या का
(C) केवल इलेक्ट्रॉन पथ में स्थित परमाणुओं के द्रव्यमान का
(D) इलेक्ट्रॉन पथ में स्थित परमाणुओं की संख्या व द्रव्यमान का ✓

**Q.92**

निम्न में से किस कोशिकांग में डीएनए मौजूद नहीं होता है-

(A) माइट्रोकांड्रिया
(B) न्यूक्लियस
(C) गॉल्जी उपकरण ✓
(D) क्लोरो प्लास्ट

**Q.93**

निम्नलिखित में से कौनसा घटक संप्रेषण चक्र से सम्बन्धित नहीं है?

(A) स्त्रोत
(B) संदेश
(C) संज्ञान ✓
(D) प्रतिपुष्टि

**Q.94**

जब कोई प्राणी अन्य संबंधित प्राणी में प्रजनन को बढ़ावा देने के लिए अपने स्वयं के प्रजनन विशेषाधिकारों का त्याग करता है, तो इसे कहा जाता है -

(A) विनिमयकरण
(B) सुसामाजिकता
(C) सहकारी समूह ✓
(D) स्वार्थीपना

**Q.95**

डी.एन.ए. अनुक्रम ATTAAGGC को देखते हुए, शोधकर्ताओं द्वारा इसके प्रतिलेखित उत्पाद के विरुद्ध एक एंटीसेंस अणु के रूप में किस अनुक्रम का उपयोग किया जाएगा?

(A) AUUAAGGC
(B) TAATTCCG
(C) CGGAATTA
(D) UAAUUCCG ✓

**Q.96**

प्रोक्सीमेट तथा अल्टीमेट दो प्रकार हैं -

(A) व्यवहार को समझने के ✓
(B) अधिगम के
(C) सहज मोचन प्रणाली
(D) रिलीजूर

**Q.97**

कौलेसनिक के अनुसार, किशोरावस्था का आयु काल क्या है?

(A) 11 वर्ष से 13 वर्ष
(B) 12 वर्ष से 15 वर्ष ✓
(C) 12 वर्ष से 14 वर्ष
(D) 12 वर्ष से 18 वर्ष

**Q.98**

अपूर्ण प्रभाविता की परिघटना सर्वप्रथम देखी गई –

(A) डी. व्रीज द्वारा
(B) कॉर्ल कोरेन्स द्वारा ✓
(C) शेरमाक द्वारा
(D) सटन द्वारा

**Q.99**

धान अच्छी तरह से पनपता है –

(A) जलोढ़ मृदा पर
(B) पथरीली मृदा पर
(C) मृत्तिका से मृत्तिका दुमट मृदा पर ✓
(D) बलुई मृदा पर

**Q.100**

द्विगुणित जीव में क्रॉसिंग ओवर किसके लिए जिम्मेदार है?

(A) सहलग्नता
(B) प्रभाविता
(C) पुनर्संयोजन ✓
(D) सहप्रभाविता

**Q.101**

निम्नलिखित में से कौन अजैविक कारक नहीं है?

(A) तापमान
(B) जल
(C) पादप ✓
(D) मृदा

**Q.102**

निम्नलिखित में से कौनसी शिक्षण - अधिगम सामग्री प्रक्षेपी साधन की श्रेणी के अन्तर्गत आती है?

(A) बुलेटिन बोर्ड
(B) फिल्म पट्टियाँ ✓
(C) पोस्टर
(D) चार्ट तथा चित्र

**Q.103**

कुछ एंजाइम के प्रोटीन भाग से सहकारक बंधे होते हैं, यह प्रोटीन भाग कहलाता है -

(A) प्रोस्थेटिक समूह
(B) सहएंजाइम
(C) सहकारक
(D) एपोएंजाइम ✓

**Q.104**

मानव में, अंडाशय से अंडाणु मुक्त होता है -

(A) प्राथमिक डिम्बाणुकोशिका अवस्था में
(B) डिम्बाणुजनकौशिका अवस्थाओं में
(C) द्वितीयक डिम्बाणुकोशिका अवस्था में ✓
(D) ग्राफियन पुटिका अवस्था में

**Q.105**

उभयलिंगी फूलों में, एंड्रोशियम से पहले गाइनोशियम की परिपक्वता को कहते हैं -

(A) पुंपूर्वता
(B) पुंजायांगी
(C) डिक्लिनी
(D) स्त्रीपूर्वता ✓

**Q.106**

निम्नलिखित में से कौनसा निर्मितवाद का प्रकार नहीं है?

(A) संज्ञानात्मक निर्मितवाद
(B) सामाजिक निर्मितवाद
(C) रेडिकल निर्मितवाद
(D) पशु निर्मितबाद ✓

**Q.107**

मनुष्य के परिवर्धन के दौरान बनने वाले कोरक को कहते हैं -

(A) कोरकपुटी ✓
(B) प्रगुहीकोरक
(C) घनकोरक
(D) बिम्बकोरक

**Q.108**

यदि होलोटाइप अनुपलब्ध हो, तो मूल सामग्री से चयनित नमूना प्रारूप को कहा जाता है -

(A) आइसोटाइप
(B) लेक्टोटाइप ✓
(C) नियोटाइप
(D) टोपोटाइप

**Q.109**

निम्न में से कौनसा कथन सत्य है?

(A) क्रोमोसोम को सैफ्रेनिन द्वारा अभिरंजित किया जाता है।
(B) क्रोमेटिन पदार्थ जो अत्यधिक संघनित अवस्था में होता है, यूक्रोमेटिन कहलाता है।
(C) यूकैरियोटिक गुणसूत्र की मूल संरचनात्मक इकाई न्यूक्लियोसोम है। ✓
(D) गुणसूत्र का अन्तर्वेशी भाग सैटेलाइट कहलाता है।

**Q.110**

प्रकाश संश्लेषण की दर अधिकतम होती है –

(A) पीले प्रकाश में
(B) लाल प्रकाश में ✓
(C) नारंगी प्रकाश में
(D) हरे प्रकाश में

**Q.111**

निम्नलिखित में से कौनसा एंजाइम माइटोकॉन्ड्रिया की आंतरिक झिल्ली से संलग्नित है?

(A) फ्यूमरेज़
(B) सक्सीनेट डीहाइड्रोजिनेज़ ✓
(C) मोनो अमीन ऑक्सीडेज़
(D) किन्यूरेनिन हाइड्रॉक्सिलेज

**Q.112**

निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है?

(A) लॉयड वनस्पति उद्यान का हर्बेरियम देहरादून में स्थित है।
(B) केन्द्रीय राष्ट्रीय हर्बेरियम कोलकत्ता में स्थित है। ✓
(C) रॉयल वनस्पति उद्यान का हर्बेरियम न्यूयॉर्क में स्थित है।
(D) राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान का हर्बेरियम शिलांग में स्थित है।

**Q.113**

निम्नलिखित में से कौनसा वृद्धि और विकास का सही सिद्धांत नहीं है?

(A) अभिवृद्धि एवं विकास, वंशानुक्रम एवं वातावरण के गुणा हैं/ प्रतिफल हैं

(B) अभिवृद्धि एवं विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर होता

(C) विकास क्षतिपूरक (Compensatory) होता है ✓

(D) विकास सहसम्बंधात्मक होता है।

**Q.114**

मध्यप्रवेश का उदाहरण है -

(A) कैसुरिना

(B) कैक्टस

(C) कुकुर्बिता ✓

(D) लिलि

**Q.115**

निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

(A) ह्यूमस - गहरा, सूक्ष्म विभाजित, आनेयतरूपी कार्बनिक पदार्थ

(B) डफ - आंशिक रूप से विघटित कूड़ा

(C) पोडोसोल - अत्यधिक उपजाऊ मिट्टी ✓

(D) मोर ह्यूमस - कम पीएच (4 से नीचे) पर बनता है

**Q.116**

व्यवहारवाद के प्रवर्तक कौन थे ?

(A) विलियम जेम्स

(B) विल्हेम वुण्ट

(C) जॉन डीवी

(D) जे.बी. वॉटसन ✓

**Q.117**

निम्न में से कौनसा हार्मोन प्लैसेन्टा द्वारा स्रावित किया जाता है?

(A) ल्यूटिनाइजिंग हार्मोन

(B) एस्ट्रोजन

(C) टेस्टोस्टेरोन

(D) ह्यूमन कोरियोनिक सोमेटोमैमोट्रॉपिन ✓

**Q.118**

मानव भ्रूण के फेफड़ों के फाइब्रोब्लास्ट से प्राप्त कोशिका लाइन है –

(A) L

(B) HeLa

(C) MRC - 5 ✓

(D) WISH

**Q.119**

मनुष्य के वृक्कों में रेनिन मुख्यतः किसके द्वारा निर्मोचित (रिलीज़) होता है?

(A) समीपस्थ कुंडलित नलिकाओं से
(B) संग्रही नलिका से
(C) दूरस्थ कुंडलित नलिकाओं से
(D) जक्सटाग्लोमेरुलर कोशिकाओं से ✓

**Q.120**

1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए थे -

(A) वनों की कटाई को रोकने के लिए
(B) ओज़ोन क्षयकारी पदार्थों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए ✓
(C) ग्रीन हाउस गैसों को नियंत्रित करने के लिए
(D) रेडियोधर्मी परमाणु कचरे के खतरों को रोकने के लिए

**Q.121**

सहजीवी नाइट्रोजन स्थिरीकरण में एक मोल नाइट्रोजन को स्थिर करने के लिए कितने मोल ए.टी.पी. की आवश्यकता होती है?

(A) 12
(B) 20
(C) 6
(D) 16 ✓

**Q.122**

पेरिडर्म में सम्मिलित है -

(A) कॉर्क
(B) द्वितीयक कोर्टेक्स
(C) कॉर्क और द्वितीयक कोर्टेक्स
(D) कॉर्क कैंबियम, सेकेंडरी कोर्टेक्स और कॉर्क ✓

**Q.123**

निम्न में से कौनसा लचीला अधिगम नहीं है?

(A) स्वाभावीकरण
(B) जाँच एवं भूल
(C) चिरप्रतिष्ठित प्रानुकूलन
(D) अध्यंकन ✓

**Q.124**

डी.एन.ए. को काटने वाले एन्जाइम क

(A) लाईगेज़
(B) रेस्ट्रिक्शन एंडोन्यूक्लिएज़ ✓
(C) पॉलीमेरेज
(D) आइसोमरेज़

**Q.125**

निम्नलिखित में से कौनसा चिन्तन का प्रकार जीन पियाजे द्वारा प्रदत्त मूर्त संक्रियात्मक अवस्था से सम्बन्धित है?

(A) अन्तः प्रज्ञात्मक विचार
(B) निगमनात्मक विचार
(C) आगमनात्मक विचार ✓
(D) संवेदी गत्यात्मक

**Q.126**

सतह से वायुमंडल के शिखर तक के वायु स्तंभ (कॉलम) में ओज़ोन की मोटाई मापी जाती है –

(A) पास्कल में
(B) बार में
(C) पार्टिकुलेट मैटर (कणिका तत्व) में
(D) डॉबसन यूनिट में ✓

**Q.127**

जीवों के वर्गीकरण से संबंधित जीव विज्ञान की शाखा को क्या कहते हैं-

(A) वर्गीकरण विज्ञान ✓
(B) नोथोलॉजी
(C) शरीर रचना विज्ञान
(D) सरोविज्ञान

**Q.128**

दो पास-पास स्थित कोशिकाओं A व B में -
कोशिका A में परासरण विभव $-20$ बार और दाब विभव $10$ बार है, जबकि कोशिका B में परासरण विभव $-16$ बार और दाब विभव $4$ बार है। पानी के प्रवाह की दिशा होगी -

(A) कोशिका A से कोशिका B ✓
(B) कोशिका B से कोशिका A
(C) पानी का प्रवाह नहीं होगा
(D) दोनों दिशाओं में

**Q.129**

अनुकूल परिस्थितियों में अवपंक कवक द्वारा बनाया गया समुच्चय कहलाता है -

(A) बीजाणु
(B) केन्द्रकयुग्म
(C) प्लाज़्मोडियम ✓
(D) कवकजाल

**Q.130**

इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाला ग्लूटारल्डेहाइड होता है -

(A) धातु
(B) बंधक (स्थिरक) ✓
(C) डेवलपर
(D) निर्जलीकरण एजेंट

**Q.131**

गिब्बन्स, चिम्पैन्जी तथा गोरिल्ला को किस समूह में रखा गया है?

(A) प्रोसिमियन्स
(B) केटाराइना
(C) एन्थ्रोपोइडिस ✓
(D) प्लेटीराइना

**Q.132**

पेशी के विश्राम अवस्था में निम्नलिखित में से कौन एक्टिन तंतुओं पर मायोसिन बंध बनाने वाले सक्रिय स्थल को ढककर रखती है?

(A) ट्रोपोमायोसिन ✓
(B) ट्रोपोनिन
(C) एफ-एक्टिन
(D) ए.टी.पी.

**Q.133**

निम्नलिखित में से कौनसी ऑसुबेल द्वारा प्रदत्त आधुनिक संज्ञानात्मक सिद्धांत के अन्तर्गत आने वाले अधिगम सिद्धांत का प्रकार नहीं है?

(A) अवलोकनात्मक अधिगम ✓
(B) रटकर सीखना
(C) अर्थपूर्ण सीखना
(D) अभिग्रहण सीखना

**Q.134**

निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता सूचना क्रिया विधि मॉडल से सम्बन्धित नहीं है?

(A) वातावरण से प्राप्त उत्तेजकों को संभालने के लिए
(B) प्रदत्त सामग्री को संगठित करने के लिए
(C) मौखिक एवं अमौखिक चिन्हों के उपयोग के लिए
(D) समाज के साथ संबंधों पर बल देने के लिए ✓

**Q.135**

निम्नलिखित में से कौन सा कोशिकांग प्रकाश श्वसन के लिए आवश्यक है?

(A) डिक्टियोसोम
(B) परऑक्सीसोम ✓
(C) अन्तःप्रद्रव्यी जालिका
(D) ग्लाइऑक्सीसोम

**Q.136**

निम्नलिखित में से कौनसा संश्लिष्ट ऑक्सिन है?

(A) NAA ✓
(B) IAA
(C) IBA
(D) GA

**Q.137**

निम्नलिखित में से कौनसा मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान का उद्देश्य नहीं है?

(A) अपनी अन्तःशक्तियों का अनुभव करना
(B) अच्छे मानसिक स्वास्थ्य का अनुरक्षण
(C) बालक की बुद्धि को बढ़ाना ✓
(D) मानसिक बीमारियों की रोकथाम

**Q.138**

निम्नलिखित में से कौनसा समूह बेसिडियोमाइसिटीज का है?

(A) ऐस्परगिलस, क्लेवीसेप्स, न्यूरोस्पोरा
(B) हैलियोटिस, साइप्री, म्यूरेक्स
(C) एगेरिकस, अस्टीलैगो (कंड), पक्सीनिया ✓
(D) म्यूकर, राइजोपस, एल्बूगो

**Q.139**

मोनार्क व वाईसरॉय तितलियां एक उदाहरण है -

(A) परजीविता की
(B) मिमिक्री की ✓
(C) प्रतिस्पर्धा की
(D) सहजीवन की

**Q.140**

निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने सुझाव दिया कि जटिल कार्बनिक अणु जीवन की उत्पत्ति के लिए महत्त्वपूर्ण थे?

(A) वॉन हेल्मॉण्ट
(B) ओपेरिन ✓
(C) पाश्चर
(D) रेडी

**Q.141**

टीनिया के परिपक्व प्रोग्लोटिड में अण्डवाहिनी और पीतक वाहिनी की संधि पर एक छोटा गोल कक्ष निर्मित होता है, कहलाता है –

(A) योनि
(B) ऊटाइप ✓
(C) अण्डाशय
(D) संयुक्त जनन छिद्र

**Q.142**

निम्नलिखित में से कौन एक बीजांड का प्रतिनिधित्व करता है, जहां भ्रूणकोष घोड़े की नाल के आकार की हो जाती है और फ्यूनिकुलस और माइक्रोपाइल एक दूसरे के करीब होते हैं?

(A) एम्फीट्रोपस ✓
(B) सर्सिनोट्रोपस
(C) एट्रोपस
(D) एनाट्रोपस

**Q.143**

कुल वैश्विक कार्बन का लगभग 70% निम्नलिखित में से एक में पाया जाता है –

(A) महासागर ✓
(B) जंगल
(C) घास स्थल
(D) कृषि पारिस्थितिकी तंत्र

**Q.144**

केल्विन चक्र के कौन से चरण में ए.टी.पी. का उपयोग होता है?

(A) पुनर्जनन
(B) कार्बोक्सिलेशन
(C) अपचयन
(D) (1) और (3) दोनों ✓

**Q.145**

मानव नेत्र की शलाका कोशिकाओं में पाया जाने वाला प्रकाश संवेदी प्रोटीन कहलाता है -

(A) रोडोप्सिन ✓
(B) एक्टिन
(C) मायोसिन
(D) ट्रोपोनिन

**Q.146**

शिक्षा क्षेत्र में प्रणाली उपागम के अन्तर्गत अनुदेशनात्मक प्रणाली में अदा पक्ष में कौन सा तत्त्व सम्मिलित है?

(A) शिक्षण व्यूह रचनाएँ
(B) पाठ्यवस्तु ✓
(C) मूल्यांकन
(D) शिक्षण सहायक सामग्री

**Q.147**

सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है:

(A) उष्णकटिबंधीय वर्षावन ✓
(B) समशीतोष्ण वन
(C) शंकुधारी वन
(D) आर्कटिक वन

**Q.148**

वायु का अपवर्तनांक हैं।

(A) 1 ✓
(B) 1.25
(C) 1.50
(D) 1.75

**Q.149**

निम्न में से कौन चूजे में, भ्रूणीय मूत्राशय के समान कार्य करता है?

(A) एम्नियॉन
(B) कोरियॉन
(C) पीतक कोष
(D) ऐलेन्टॉइस ✓

**Q.150**

ग्लाइको लाइसिस का अंतिम उत्पाद है-

(A) एसिटिक अम्ल
(B) पाइरूविक अम्ल ✓
(C) फ्यूमेरिक अम्ल
(D) लैक्टिक अम्ल



## Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in